भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या: 4017
गुरुवार, 19 दिसंबर, 2024/28 अग्रहायण,1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

विजयपुरा हवाई अड्डे का विकास

4017. श्री रमेश चंदप्पा जिगाजिनागिः

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विजयपुरा हवाई अड्डे के प्रस्तावित विकास और विस्तार की स्थिति क्या है तथा इसके पूरा होने की समय-सीमा क्या है; और

(ख) रनवे, टर्मिनल भवन और हवाई यातायात नियंत्रण सहित उक्त हवाई अड्डे के बुनियादी ढांचे की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख) **:** बीजापुर (विजयपुरा) हवाईअड्डा कर्नाटक राज्य सरकार के स्वामित्व में है और इसे क्षेत्रीय संपर्क योजना- उड़े देश का आम नागरिक (आरसीएस-उड़ान) योजना के अंतर्गत असेवित हवाईअड्डे के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। हवाईअड्डे का निर्माण कर्नाटक राज्य औद्योगिक और अवसंरचना विकास निगम (केएसआईआईडीसी) द्वारा किया जा रहा है।

******